तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि वनांचल भूमि

रायपुर, शनिवार 14 फरवरी 2026



13 बस्तर में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र का हुआ शुभारंभ





14 बोरपदर में गूंजा हर-हर महादेव, जलेश्वर महादेव की प्राण प्रतिष्ठा






# जगदलपुर स्टेशन को विश्वस्तरीय बनाने में कोई समझौता नहीं करेंगे

## निरीक्षण के दौरान रेल जीएम के कड़े तेवर, निर्माण गुणवत्ता में कमी-खामियों पर दिखी नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

ईस्ट कोस्ट रेलवे के महाप्रबंधक परमेश्वर फूंकवाल ने शुक्रवार को बस्तर प्रवास के दौरान जगदलपुर रेलवे स्टेशन और संबंधित रेल अधोसंरचना कार्यों का निरीक्षण किया। उनके साथ विशाखापत्तनम के मंडल प्रबंधक ललित बोहरा सहित जोन और मंडल के एक दर्जन से अधिक वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

रेल जीएम विशेष सैलून से सुबह जगदलपुर पहुंचकर सीधे सिलकझोड़ी स्टेशन पहुंचे, जहां उन्होंने खतरनाक ब्लैक स्पॉट का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अधिकारियों को स्पष्ट और कड़े निर्देश दिए। इसके बाद वे जगदलपुर स्टेशन पहुंचे और अमृत भारत योजना के तहत निमार्णाधीन नई स्टेशन बिल्डिंग का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके तेवर बेहद सख्त नजर आए और निर्माण गुणवत्ता को लेकर उन्होंने अधिकारियों से जवाब-तलब किया। हालांकि उन्होंने सार्वजनिक रूप से कमियों का खुलासा नहीं किया, लेकिन उनके रुख से साफ संकेत मिले कि निर्माण में किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

निरीक्षण के बाद मीडिया से चर्चा करते हुए उन्होंने स्पष्ट कहा कि आने वाले समय में जगदलपुर रेलवे स्टेशन देश के सबसे विकसित और आधुनिक स्टेशनों में शामिल ▸▸ शेष पेज 10 पर

### घटिया सामग्री पर कार्रवाई के संकेत

निरीक्षण के दौरान स्टेशन भवन में उपयोग की गई लकड़ी और अन्य निर्माण सामग्री की गुणवत्ता को लेकर गंभीर सवाल उठे। इस पर रेल जीएम ने स्पष्ट संकेत दिए कि गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होगा और आवश्यक होने पर जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्टेशन का हर हिस्सा मजबूत, सुरक्षित और दीर्घकालिक उपयोग के अनुरूप तैयार किया जाए ताकि यात्रियों को सर्वोत्तम सुविधा मिल सके।



### मिल सकता है बड़ा तोहफा

रेल जीएम ने खुलासा किया कि जगदलपुर में कोचिंग डिपो स्थापित करने का प्रस्ताव प्रक्रिया में है। जबकि रेल लाइन दोहरीकरण कार्य अंतिम चरण में पहुंच चुका है। इन दोनों परियोजनाओं के पूर्ण होने के बाद जगदलपुर से नई यात्री ट्रेनों के संचालन की संभावना काफी बढ़ जाएगी। इससे बस्तर का रेल संपर्क मजबूत होगा, यात्रियों को बेहतर सुविधा मिलेगी और क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी।

## खबर संक्षेप

### वेलेंटाइन-डे पर विजयवाड़ा, पुणे और रायपुर से मंगाए गए गुलाब



**जगदलपुर।** वेलेंटाइन-डे के पहले कतिपय युवा वर्ग गिफ्ट गैलरियों, माल्स और फूलों की दुकानों पर खरीदारी में जुटे हैं। वेलेंटाइन डे के लिए आंध्रप्रदेश, पुणे, रायपुर से शहर में लगभग 30 हजार से अधिक गुलाब फूल मंगाए गए हैं। मांग बढ़ने और परिवहन लागत में वृद्धि के कारण गुलाब के फूल 50 से 60 रुपए तक बिकेंगे। सामान्य दिनों में 25-30 रुपए का मिलने वाला गुलाब अब दोगुना महंगा हो गया है। दंतेश्वरी मंदिर के सामने स्थित फैमस गजरे के संचालक राकेश साहू ने बताया कि वेलेंटाइन डे के लिए विजयवाड़ा, पुणे, रायपुर से गुलाब मंगाए गए हैं।

### कर्मयोगी पोर्टल पर अधिकारियों का प्रशिक्षण, बनाएंगे पेपरलेस

**जगदलपुर।** बस्तर जिले में शासकीय कामकाज को पूरी तरह आधुनिक और पेपरलेस बनाने की दिशा में एक निर्णायक कदम उठाया गया है। कलेक्ट्रेट स्थित प्रेरणा सभा कक्ष में गुरुवार को जिला प्रशासन द्वारा आयोजित विशेष प्रशिक्षण शिविर में अधिकारियों और कर्मचारियों को डिजिटल कार्यप्रणाली के नए दौर से जोड़ा गया। यह पहल केवल कागजी फाइलों को कंप्यूटर स्क्रीन पर लाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रशासन में जवाबदेही, पारदर्शिता और गति सुनिश्चित करने का एक महा-अभियान है। कलेक्टर कार्यालय की इस मुहिम के तहत ई-ऑफिस प्रणाली को लागू कर फाइलों के पुराने दौर को पीछे छोड़ते हुए अब त्वरित निर्णय लेने की संस्कृति विकसित की जा रही है, जिससे आम जनता के कार्यों का निपटारा बिना किसी विलंब के संभव हो सकेगा।

### एकलव्य आवासीय विद्यालयों में प्रवेश की प्रक्रिया हुई शुरू

जगदलपुर। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थी अपने निकटतम एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय से संपर्क कर आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं और संबंधित संस्थान से विस्तृत जानकारी ले सकते हैं। कक्षा 7 वीं से 9 वीं तक की कक्षाओं में रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु आवेदन जमा करने की समय-सीमा 13 फरवरी से शुरू होकर 28 फरवरी तक निर्धारित की गई है। इन कक्षाओं के लिए चयन प्रक्रिया लिखित परीक्षा के आधार पर संपन्न होगी, जिसका आयोजन 8 मार्च को किया जाना तय है। परीक्षा के पश्चात संभावित रूप से 14 मार्च को परिणाम और मेरिट सूची जारी की जाएगी, जिसके उपरांत 16 मार्च से चयनित छात्रों की काउंसलिंग प्रक्रिया प्रारंभ होगी।

# अंतर्राज्यीय ड्रग रैकेट के दो सदस्य गिरफ्तार 14 लाख से अधिक का नशीली कैप्सूल बरामद

**गगांमुण्डा चौपाटी के करीब ग्राहक का कर रहे थे इंतजार तभी घेराबंदी कर पकड़ा**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए बोधघाट पुलिस ने अंतर्राज्यीय ड्रग रैकेट्स के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 14 लाख रूपए से अधिक की प्रतिबधिंत नशीली दवा बरामद किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जेल भेजा गया।

- नशे के सौदागरों के खिलाफ बोधघाट पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी

अंतर्राज्यीय ड्रग रेकेट्स के सदस्यों की पुख्ता जानकारी मिलने के बाद कार्रवाई के लिए एसपी शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश, एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन व सीएसपी अमित देवांगन तथा थाना प्रभारी बोधघाट लीलाधर राठौर के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था। टीम को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति गंगामुंडा चौपाटी के पास थैले में अवैध नशीली कैप्सूल बिक्री करने के लिए रखा है तथा ग्राहक का इंतजार कर रहा है। टीम द्वारा घेराबंदी कर एक संदिग्ध को पकड़ा गया जिससे पूछताछ करने पर अपना नाम नरेंद्र सिंह ठाकुर 36 साल निवासी भवानी चौक, थाना बोधघाट का रहने वाला बताया। उसकी तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 84 पत्ता 672 नग कुल वजन 450.2 ग्राम प्रतिबंधित ट्रामोडोल नशीली कैप्सूल बरामद किया गया। बरामद नशीली दवा की कीमत 2 लाख 68 हजार 8 सौ रूपए आंका गया है। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि प्रतिबंधित नशीली दवाई नबरंगपुर ओडिशा के एक मेडिकल वाले के पास से अवैध रूप से खरीदकर लाकर शहर के युवाओं को बेचता था। सप्लायर को गिरफ्तार करने टीम ओडिशा पहुंची और लक्ष्मी मेडिकल स्टोर में बैठे व्यक्ति वुन्ना रामाकृष्णा राव से पूछताछ किया गया जिसने अपने आप को उस मेडिकल स्टोर का संचालन करना तथा उसके पीछे अस्थाई कमरों का अपने पास कब्जा होना बताया।





**कार्रवाई में इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका :** कार्रवाई में निरीक्षक लीलाधर राठौर के अलावा एसआई ललित नेगी, प्रमोद ठाकुर, लोकेश्वर नाग, एएसआई दिनेश उसेंडी, प्रधान आरक्षक अहिलेश नाग, सुनील मनहर, बलराम कश्यप, आरक्षक भैरव सिन्हा, युवराज ठाकुर, होरिलाल, राम ठाकुर, अजीत सरकार, मानकू कोर्राम तथा महिला आरक्षक तिलोत्तमा कश्यप की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### मेडिकल स्टोर की आड़ में करता था नशे का कारोबार

टीम द्वारा आरोपी वुन्ना रामाकृष्णा राव 61 साल निवासी नबरंगपुर ओडिशा के मेडिकल स्टोर के पीछे बने अस्थाई रसोई घर में रखे अवैध नशीली दवाई ट्रामोडोल 12 डिब्बे में 356 पत्ते 2,848 नग कुल वजन 1908.16 ग्राम बरामद किया गया जिसका बाजार मूल्य 11 लाख 39 हजार 2 रूपए आंका गया है। मामले में गिरफ्तार दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर शुक्रवार को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया।

# बस्तर के सातों जिलों में जांच पर मिले मलेरिया के 25580 मरीज

**जगदलपुर।** बस्तर संभाग के सातों जिलों में व्यापक जांच अभियान के दौरान मलेरिया के 25 हजार 580 मरीज पाए गए हैं। बस्तर अभियान के तहत त्वरित उपचार और जन-जागरूकता के माध्यम से संक्रमण दर में गिरावट के प्रयास किए जा रहे हैं। बस्तर जैसे संवेदनशील और चुनौतीपूर्ण क्षेत्र में मलेरिया के मामलों में ऐतिहासिक कमी दर्ज की गई है। संभाग के चार जिलों बीजापुर, दंतेवाड़ा, नारायणपुर और सुकमा के घने जंगलों और पहाड़ों से घिरे दुर्गम एवं दूरस्थ इलाकों में घर-घर पहुंचकर सभी लोगों में मलेरिया की जांच की। इस दौरान पॉजिटिव पाए गए लोगों को तत्काल दवाई खिलाकर मलेरिया का इलाज किया। इस दौरान लोगों को रोज मच्छरदानी के प्रयोग के लिए प्रोत्साहित किया गया। साथ ही घरों के आसपास जमे पानी और नालियों में डीडीटी या जले हुए तेल का छिड़काव करने की उपाय बताया। घर के आसपास स्वच्छता बनाए रखने और मच्छरों को पनपने से रोकने के उपाय भी लोगों को बताए गए। बताया जा रहा है कि जनवरी 2025 से जनवरी 2026 तक बस्तर जिले में 2887, बीजापुर जिले में 9166, दंतेवाड़ा ▸▸ शेष पेज 10 पर



- त्वरित उपचार व जन-जागरुकता से संक्रमण दर में आई गिरावट

# जनचौपाल में केंद्रीय बजट, जी राम जी योजना की बताई गई विशेषताएं



**जगदलपुर।** भारतीय जनता पार्टी ने गुरुवार को चंद्रशेखर आजाद व पं. श्यामा प्रसाद मुखर्जी शक्तिकेन्द्र में जन चौपाल लगाया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व विधायक संतोष बाफना और जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के उपाध्यक्ष श्रीनिवास मिश्रा मौजूद रहे।

- देश व जनहित को आगे बढ़ाने वाला है बजट

वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में केन्द्रीय बजट विकसित भारत 2047 की परिकल्पना को साकार रूप देने की दिशा में मजबूत कदम है। देश का हर वर्ग किसान, श्रमिक, युवा, महिला सभी के उत्थान के लिये प्रावधान किये गये हैं। यह देश व जनहित का बजट है। उन्होंने विकसित भारत जी राम जी योजना के संबंध में विस्तार से जानकारी दी और 125 दिन निश्चित रोजगार के बारे में बताया। जिला उपाध्यक्ष नरसिंह राव व जिला महामंत्री रजनीश पाणिग्रही ने भी चौपाल को संबोधित किया। पूर्वी नगर मण्डल अध्यक्ष अविनाश श्रीवास्तव ने चौपाल की रूप रेखा व कार्ययोजना की जानकारी रखी।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष आर्येन्द्र आर्य, श्रीधर ओझा, मण्डल उपाध्यक्ष विक्रम सिंह यादव, गीता नाग, मीना साहू, महामंत्री संतोष वाजपई एवं दिगम्बर राव, यशवर्धन राव, योगेश मिश्रा ,किरण दीवान,राधा बघेल, शेखर शर्मा, रितेश सोनी, दिलीप दास, यशवंत ध्रुव, उर्मिला यादव, नीलम यादव, शैलेष श्रीवास्तव, संतोष पाण्डेय सहित अन्य कार्यकर्तागण व नागरिक शामिल रहे।

# ताड़पाला हिल्स एरिया से नक्सलियों का डंप विस्फोटक और आईईडी बरामद

**जगदलपुर।** बीजापुर जिले के उसूर थाना क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा डंप किया गया भारी मात्रा में विस्फोटक व बीयर बॉटल में प्रेशर स्विच सिस्टम व डायरेक्शन से निर्मित 14 आईईडी बरामद किया गया है। बरामद आईईडी को मौके पर ही निष्क्रिय कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक माओवादियों के विरुद्ध संचालित प्रभावी नक्सल विरोधी अभियान के तहत शुक्रवार को सीआरपीएफ 196 बटालियन व कोबरा 204 की संयुक्त टीम द्वारा ताड़पाला हिल्स एरिया में सघन नक्सल अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान माओवादियों द्वारा अलग-अलग स्थानों पर जमीन के भीतर प्लास्टिक ड्रम व पॉलिथिन में छिपाकर रखी गई विस्फोटक सामग्री, राशन एवं अन्य माओवादी सामग्री को सुरक्षा बलों द्वारा बरामद किया गया। ▸▸ शेष पेज 10 पर

- जमीन के नीचे प्लास्टिक ड्रम एवं पॉलिथिन में छिपाकर रखा था






**कोरंडम खदान की स्वीकृति पर विधायक ने जताई आपत्ति**

# बिना ग्रामसभा और जनसुनवाई के पर्यावरण स्वीकृति चिंताजनक : मंडावी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपालपटनम

बीजापुर विधायक विक्रम मंडावी ने प्रेस वार्ता में कहा कि विष्णुदेव साय सरकार और केंद्र में मोदी सरकार ने मिलकर बीजापुर जिले के ग्राम कुचनूर तहसील भोपालपटनम में खसरा नंबर 826, रकबा 3.70 हेक्टेयर पर कोरंडम खदान के लिए छत्तीसगढ़ मिनरल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड को 1.0 टन प्रतिवर्ष क्षमता की पर्यावरण स्वीकृति जारी कर दी है। यह स्वीकृति राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण द्वारा पत्र के माध्यम से दी गई है। विधायक ने सरकार के इस फैसले को पूरी तरह से जनता के खिलाफ, आदिवासियों के अधिकारों के खिलाफ और लोकतंत्र की मूल भावना के खिलाफ कहते हुए इसे चिंताजनक बताया है।



उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा है कि पेसा एक्ट पंचायत राज और वन अधिकार अधिनियम के तहत आदिवासी बहुल इलाकों में किसी भी खनन या विकास परियोजना के लिए ग्राम सभा की अनुमति और सहमति अनिवार्य है। लेकिन इस मामले में ग्राम कुचनूर की ग्राम सभा से कोई परामर्श नहीं किया गया, कोई जनसुनवाई नहीं हुई और न ही पंचायतों को सूचित किया गया। यह स्पष्ट रूप से आदिवासियों के संवैधानिक अधिकारों का हनन है। सरकार जानबूझकर ग्राम सभाओं को नजरअंदाज कर रही है ताकि बड़े कॉर्पोरेट हितों को फायदा पहुंचाया जा सके।

पर्यावरण स्वीकृति प्रक्रिया में जनसुनवाई अनिवार्य है, जहां स्थानीय लोग अपनी आपत्तियां दर्ज करा सकें। लेकिन यहां कोई जनसुनवाई नहीं हुई। यह सारी प्रक्रिया चुपके-चुपके पूरी की गई है। छत्तीसगढ़ मिनरल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन को यह लीज और स्वीकृति बिना ▸▸ शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप

### 16–17 को लगेगा संभाग स्तरीय रोजगार मेला

**कोण्डागांव।** प्रदेश के युवाओं को निजी क्षेत्र में अधिकाधिक रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कौशल विकास विभाग द्वारा संभाग स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला 16 एवं 17 फरवरी 2026 को शासकीय लाइवलीहुड कॉलेज, आड़ावाल जगदलपुर में आयोजित होगा। रोजगार मेले में जिले के शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आईटीआई कोण्डागांव, फरसगांव, माकड़ी, धनोरा, बड़ेराजपुर, विश्रामपुरी एवं केशकाल से उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी भाग ले सकते हैं। मेले में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियां शामिल होंगी, जहां युवाओं को सीधे रोजगार प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

### कोण्डागांव में एक दिवसीय प्लेसमेंट कैंप 20 को

**कोण्डागांव।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र, कोण्डागांव द्वारा 20 फरवरी 2026 शुक्रवार को एक दिवसीय प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यह कैंप कलेक्टर परिसर, जिला पंचायत के सामने स्थित आशा सिलाई सेंटर के बाजू में प्रातः 11:00 बजे से अपराह 03:00 बजे तक आयोजित होगा। जिले एवं अन्य जिलों के शिक्षित बेरोजगार युवक–युवतियों को इस कैंप में शामिल होकर रोजगार का अवसर प्राप्त करने का आह्वान किया गया है। होम क्लीन सर्विस संस्था में विभिन्न पदों पर भर्ती – प्लेसमेंट कैंप के माध्यम से होम क्लीन सर्विस संस्था, कोण्डागांव में कुल 85 पदों पर भर्ती की जाएगी, जिनमें इल्ेट्रिशियन, प्लंबर, सीसीटीवी सर्विस, पेंटर, कुक, चपरासी, बाइक मैकेनिक, ब्यूटीशियन इन पदों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 5वीं से 12वीं उत्तीर्ण एवं आईटीआईध्संबंधित कोर्स निर्धारित है। आयु सीमा सामान्यतः 18 से 35 वर्ष रखी गई है। पंचायत ढाबा, कोण्डागांव में वेटर के 12वीं उत्तीर्ण एवं 1 वर्ष अनुभव आवश्यक तथा श्रेयांश एग्रो, कोण्डागांव में सेल्समैन के 12वीं उत्तीर्ण, 0–1 वर्ष अनुभव पर भर्ती की जाएगी।

### कलेक्टर ने चावल गोदाम का किया निरीक्षण



**कोण्डागांव।** कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने बुधवार को कनेरा रोड स्थित नागरिक आपूर्ति निगम के गोदाम का निरीक्षण कर चावल के भंडारण व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले की सभी शासकीय उचित मूल्य की दुकानों के लिए चावल की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्थिति में हितग्राहियों को राशन वितरण में विलंब नहीं होना चाहिए। कलेक्टर ने सभी पीडीएस दुकानों तक राशन सामग्री समय पर पहुंचाने के लिए समुचित एवं व्यवस्थित परिवहन व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि पात्र हितग्राहियों को नियत समय पर खाद्यान्न मिल सके।

---

निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ समयसीमा में पूरा करने के निर्देश

# कलेक्टर ने केशकाल व बड़ेराजपुर विकासखंड में विद्यालयों व स्वास्थ्य केंद्रों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव।

कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने गुरुवार को केशकाल एवं बड़ेराजपुर विकासखंड के विभिन्न गांवों का सघन दौरा कर स्वास्थ्य केंद्रों, विद्यालयों, छात्रवासों तथा निर्माणाधीन भवनों का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी कार्य निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने ग्राम सिंघनपुर और ग्राम तोस्कापाल में निर्माणाधीन स्वास्थ्य केंद्र भवनों का निरीक्षण कर निर्माण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। बड़ेराजपुर विकासखंड के ग्राम गारावंडी स्थित आंगनबाड़ी केंद्र कुम्हारपारा का निरीक्षण कर बच्चों को दिए जा रहे पोषण आहार की जानकारी ली। उन्होंने बच्चों से बातचीत कर उनकी शैक्षणिक गतिविधियों के बारे में भी जानकारी प्राप्त की।



#### विद्यालय में विद्यार्थियों से संवाद

कलेक्टर ने बड़ेराजपुर के शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण कर विद्यार्थियों से पढ़ाई के संबंध में चर्चा की और उन्हें मन लगाकर अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया। निर्माणाधीन महतारी सदन भवन का जायजा लेते हुए उन्होंने संबंधित एजेंसी को गुणवत्ता के साथ तय समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके पश्चात स्वास्थ्य केंद्र बड़ेराजपुर का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की तथा महिला वार्ड में भर्ती मरीजों से चर्चा कर उनका हालचाल जाना।

#### आईटीआई व छात्रावासों का भी किया निरीक्षण

शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था के निरीक्षण के दौरान उन्होंने संस्थान में कंप्यूटर की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही प्री–मैट्रिक कन्या एवं बालक छात्रवासों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। विश्रामपुरी में निर्माणाधीन शासकीय महाविद्यालय भवन का निरीक्षण कर लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ समयसीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

**ये रहे उपस्थित :** इस दौरान जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, एसडीएम आकांक्षा नायक, जनपद पंचायत बड़ेराजपुर सीईओ लखेश्वर यादव, जनपद पंचायत केशकाल सीईओ अनुराग सिन्हा, डीएमसी ईमल बघेल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## आमाडीही में किचन गार्डन व शौचालय का लिया जायजा



**कोण्डागांव।** कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने विकासखंड बड़ेराजपुर अंतर्गत पीएमश्री प्राथमिक विद्यालय आमाडीही का निरीक्षण कर विद्यालय की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने शाला की बाउंड्रीवाल के प्रस्ताव एवं छत मरम्मत कार्य के लिए आरईएस विभाग को आवश्यक निर्देश दिए। विद्यालय में केवल एक शिक्षक पदस्थ होने पर कलेक्टर ने जिला मिशन समन्वयक को शीघ्र अतिरिक्त शिक्षक व्यवस्था के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए, ताकि विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित न हो। कलेक्टर ने विद्यालय में पीएम ई–विद्या योजना का प्रभावी संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही पीएमश्री योजना अंतर्गत प्राप्त राशि का एसएनए स्पर्श पोर्टल के माध्यम से शीघ्र व्यय करने के लिए कहा।

**किचन गार्डन व बालिका शौचालय का लिया जायजा :** निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय परिसर में संचालित किचन गार्डन एवं बालिका शौचालय की स्थिति का अवलोकन कर आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, एसडीएम आकांक्षा नायक, जिला मिशन समन्वयक ईमल बघेल, जनपद पंचायत सीईओ लखेश्वर यादव, तहसीलदार, बीईओ, एबीईओ सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## आंवरी में नए पुल का निर्माण तेज, आवागमन होगा सुगम



**कोण्डागांव।** ग्राम पंचायत आंवरी में वर्षों पुराने जर्जर पुल के स्थान पर नए पुल का निर्माण कार्य तेजी से जारी है। पुल के निर्माण पूर्ण होने पर खासपारा और टिपपारा के बीच संपर्क सुगम होगा तथा ग्राम आंवरी से ग्राम धनोरा सहित आसपास के कई गांवों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी।

कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने गुरुवार को ग्राम आंवरी पहुंचकर निर्माणाधीन पुल का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित निर्माण एजेंसी को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने ग्राम आंवरी स्थित स्वास्थ्य केंद्र का भी जायजा लिया। उन्होंने साफ–सफाई व्यवस्था सुधारने, बेहतर प्रकाश व्यवस्था, पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा आवश्यक मरम्मत कार्य कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने शासकीय प्राथमिक शाला का निरीक्षण कर शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी ली और विद्यालय के रख–रखाव की सराहना की। साथ ही परिसर में निर्मित शेड के आवश्यक मरम्मत कार्य के निर्देश दिए। निर्माणाधीन पंचायत भवन का भी निरीक्षण कर कार्य प्रगति की समीक्षा की।

**ये रहे उपस्थित :** इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, एसडीएम आकांक्षा नायक, जनपद पंचायत सीईओ अनुराग सिन्हा सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## नेशनल लोक अदालत को लेकर हुई न्यायिक अधिकारियों व अधिवक्ताओं की समन्वय बैठक

**कोण्डागांव।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव किरण चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में नेशनल लोक अदालत के सफल संचालन एवं अधिकतम प्रकरणों के सौहार्दपूर्ण निपटारे के लिए मध्यस्थता केन्द्र कोण्डागांव में समन्वय बैठक आयोजित की गई।

- 14 मार्च को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत की तैयारियों पर हुई चर्चा



बैठक में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रेशमा बैरागी पटेल, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गायत्री साय एवं अधिवक्ताओं ने भाग लिया। बैठक का उद्देश्य न्यायाधीशों और अधिवक्ताओं के बीच समन्वय स्थापित कर अधिक से अधिक मामलों का सौहार्दपूर्ण निपटारा सुनिश्चित करना था। बैठक में 14 मार्च को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में लंबित मामलों के निस्तारण की प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा की गई। विशेष रूप से मामलों की छंटनी, पक्षकारों की सहमति प्राप्त करने तथा आपसी सुलह–समझौते के माध्यम से विवादों का समाधान सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। अधिवक्ताओं को निर्देशित किया गया कि वे अपने–अपने स्तर पर लंबित मामलों के त्वरित समाधान के लिए प्रयास करें तथा पक्षकारों को सुलह–समझौते के लिए प्रेरित करें। बैठक का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक मामलों का आपसी सहमति से निपटारा कर न्याय प्रक्रिया को सरल, सुलभ और कम खर्चीला बनाना है।

## सालों दैहिक शोषण करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**कोण्डागांव।** थाना अनंतपुर क्षेत्र में दैहिक शोषण के गंभीर मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पीड़िता ने 12 फरवरी को थाना अनंतपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई कि मई 2002 से दिसंबर 2025 तक आरोपी ने शादी का झांसा देकर उसके साथ लगातार शारीरिक संबंध बनाए। इस दौरान दो बार जबरन गर्भपात कराने तथा 9 फरवरी 2026 की रात मारपीट करने का भी आरोप लगाया गया है। रिपोर्ट पर थाना अनंतपुर में अपराध क्रमांक 06/2026 धारा 64(2)(ड), 89, 115(2), 351(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कपिल चन्द्रा के मार्गदर्शन तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस रूपेश कुमार के पर्यवेक्षण में विशेष टीम गठित की गई। थाना प्रभारी निरीक्षक गोपेन्द्र पटेल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दबिश देकर आरोपी कमलेश सिंग उम्र 34 वर्ष, निवासी मालगांव बुडरापारा, थाना अनंतपुर, जिला कोण्डागांव को गिरफ्तार किया।

## नेशनल थाई बॉक्सिंग चैंपियनशिप में कोंडागांव के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

महाराष्ट्र के पुणे–सतारा महाबलेश्वर में आयोजित नेशनल थाई बॉक्सिंग चैंपियनशिप में कोंडागांव जिले के युवा खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड और सिल्वर मेडल जीतकर जिले का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की ओर से भाग लेते हुए खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल कौशल का प्रदर्शन किया।

- पुणे–सतारा महाबलेश्वर में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में दिखाया दमखम

प्रतियोगिता में खिलाड़ी हुमेश नाग ने थाई लाइट एवं नीथाई स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए एक गोल्ड और एक सिल्वर मेडल हासिल किया। उनके इस प्रदर्शन से खेल प्रेमियों में खुशी का माहौल है। वहीं खिलाड़ी टंकेश्वर बेसरा ने 67 किलोग्राम वेट कैटेगरी के प्रोफाइट इवेंट में शानदार मुकाबला जीतते हुए गोल्डन बेल्ट और गोल्ड मेडल अपने नाम किया। कमउवदेजतंजम उनके संघर्ष और मेहनत की झलक देखने को मिली।



#### पुलिस अधिकारियों ने दी बधाई

खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा, एडिशनल एसपी कपिल चंद्रा तथा सर्व अनुसूचित जाति वर्ग के अध्यक्ष धंसराज टंडन ने दोनों खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। श्री चंद्र ने कहा कि ऐसे युवा खिलाड़ी जिले के अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा बनेंगे और खेल जगत में आगे बढ़ने का संदेश देंगे। कोंडागांव के खिलाड़ियों की इस सफलता से जिले में खुशी की लहर है और उम्मीद जताई जा रही है कि आने वाले समय में जिले के युवा राष्ट्रीय स्तर पर और भी बड़ी उपलब्धियां हासिल करेंगे।

## सुरक्षित सफर के लिए हेलमेट बैंक का शुभारंभ

**कोण्डागांव।** पुलिस अधीक्षक कोंडागांव की नई पहल पर विश्रामपुरी थाना प्रभारी विनोद नेताम एवं कोंडागांव यातायात पुलिस विभाग के संयुक्त प्रयास से ग्राम पंचायत विश्रामपुरी (ब) में हेलमेट बैंक का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन रिबन काटकर किया गया।

- विश्रामपुरी ग्रापं में रिबन काटकर किया गया श्रीगणेश



थाना प्रभारी श्री नेताम ने इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों को जागरूक करते हुए कहा कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग करने से सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी और जान–माल की हानि को रोका जा सकेगा। उन्होंने सभी से सुरक्षित यात्र के लिए हेलमेट अनिवार्य रूप से पहनने की अपील की। हेलमेट बैंक का संचालन ग्राम पंचायत के महिला समूह द्वारा किया जाएगा। जिन लोगों के पास हेलमेट उपलब्ध नहीं है, वे पंचायत भवन से हेलमेट लेकर दोपहिया वाहन से सुरक्षित यात्र कर सकेंगे।

#### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष अनिता नेताम, मंडल अध्यक्ष मनाराम मरकाम, सरपंच पुष्पा चांदेकर, सामाजिक कार्यकर्ता शम्भु चांदेकर, उपसरपंच एवं मंडल महामंत्री रविन्द्र पाण्डे सहित विवेक चांदेकर, प्रभु नेताम, रमेश साहू, पदमनी कश्यप, अनुराधा बेध, ताराचंद सेठिया, शांति मरकाम, राधा यादव, रामेश्वरी नेताम, मधुबाला बोरकर, भाग्यलक्ष्मी, तुलसी सोम, कुमेश्वरी समरथ, सविता मरकाम सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## उमरगांव केंवटी में लगा राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव।

कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना के निर्देशन तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी रेनू प्रकाश महिला एवं बाल विकास विभाग के मार्गदर्शन में 11 फरवरी को ग्राम पंचायत उमरगांव केंवटी में 7 दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के अंतर्गत विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह आयोजन शासकीय आदर्श आवासीय कन्या महाविद्यालय, कोण्डागांव द्वारा किया गया।




कार्यक्रम में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान तथा विज्ञान में महिलाओं और लड़कियों का अंतर्राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर महिलाओं एवं बालिकाओं के वैधानिक और संवैधानिक अधिकार, समानता एवं सशक्तिकरण पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्य उद्देश्य लैंगिक समानता को बढ़ावा देना तथा महिलाओं के विरुद्ध हिंसा के प्रति समाज को संवेदनशील बनाना रहा।

**शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा पर मार्गदर्शन :** इस अवसर पर बालिकाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, सुरक्षा, लैंगिक भेदभाव उन्मूलन, बाल विवाह रोकथाम एवं महिला सशक्तिकरण जैसे विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। भ्रूण हत्या एवं कन्या शिशु हत्या जैसे अमानवीय कृत्यों के प्रति जागरूकता, शिशु लिंगानुपात में सुधार तथा किशोरी बालिकाओं की शिक्षा और सुरक्षा पर विशेष बल दिया गया।

**स्वास्थ्य एवं स्वच्छता संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी :** कार्यक्रम में महतारी स्वच्छता प्रबंधन, पोषण के महत्व, एनीमिया से बचाव, सुरक्षित मातृत्व, प्रसव पूर्व देखभाल तथा मासिक धर्म स्वच्छता जैसे विषयों पर भी मार्गदर्शन दिया गया। महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित कानूनी अधिकारों के बारे में भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निषेध नियम, टोनही प्रताड़ना अधिनियम की जानकारी दी गई।

#### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष रीता सोरी उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथियों में सरपंच रूपती मरकाम, उपसरपंच ललित मेश्राम सहिजनप्रतिनिधि, मिशन शक्ति से जिला मिशन समन्वयक रीना सिंह ठाकुर, जेंडर विशेषज्ञ माधुरी उसेण्डी, कार्यालय सहायक जयंत कुमार साहू, महाविद्यालय की छात्राएं, स्कूली बच्चे एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

---

खेल, संस्कृति और सम्मान का संगम, शिक्षकों ने दिखाई बहुमुखी प्रतिभा

# बहिगांव में धूमधाम से हुआ शिक्षक मिलन समारोह-2026

**केशकाल।** विकास खंड स्तरीय शिक्षक मिलन समारोह-2026 व समस्त शिक्षको का परिचय, खेल कूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम व नव पदोन्नत प्राचार्यो का सम्मान समारोह दुर्गा मंच बहिगाँव में धूमधाम सम्पन्न हो गया। इस आयोजन में प्रांतीय अध्यक्ष केदार जैन के शिक्षक सदन की मांग पर विधायक ने पुरे एक वर्ष में शिक्षक सदन के निर्माण की घोषणा की।

उन्होंने अपने विधानसभा के तीनो विकास खंड में प्रति वर्ष इस प्रकार के आयोजनों की आवश्यकता पर बल दिया तथा सभी शिक्षको को पुनः बधाई देते हुए आयोजन के सह प्रमुख मंच संचालक लोकेश गायकवाड़ को बहु मुखी प्रतिभा के धनी और कभी हार नहीं मानने वाला इंसान कह कर शिक्षको का उत्साह वर्धन किया। अध्यक्षता कर रही कलेक्टर नुपुर राशि पन्ना, कलेक्टर कोण्डागांव ने समाज की उन्नति व विकास में शिक्षको की भूमिका बतायी।



**ये रहे उपस्थित :** विशिष्ट अतिथि—ओमप्रकाश मरकाम, उपाध्यक्ष ज.पं. केशकाल, कपिलकांत नाम, सदस्य जिला पंचायत कोण्डागाव, सरपंच डामेश्वरी रावटे, बहिगाँव, राजेश नेताम विकास खंड अध्यक्ष ने भी सभा को सम्बोधित किया... इस कार्यक्जिय पोया, जिला महामंत्री भाजपा कोण्डागाव, हितेश नेताम, सदस्य, जनपद पंचायत केशकाल, कोंडागांव से जिला संयोजक—शिव राज ठाकुर. यशवंत, सुकमन नेताम, जिला अध्यक्ष सर्व शिक्षक संगठन कोण्डागाँव,केशकाल से नव पदस्थ प्राचार्य—राकेश विश्वकर्मा अजय शर्मा, सुंदर लाल जैन, राज बहादुर नेताम, धनी राम नेताम, कांशी राम प्रधान, भूपेश कुमार नाविक, तेज सिंह ठाकुर आदि उपस्थित रहे। व पदोन्नत प्राचार्य गणों का शाल व श्रीफल से सम्मान कलेक्टर द्वारा किया गया।

**इनका रहा विशेष योगदान :** लोकेश गायकवाइ, राधेश्याम मण्डावी, माखन कोमरा, नीलम मेश्राम, श्याम लाल कोर्राम,अमित मण्डावी, रामसिंह मरापी, सोएब अली, रोशन हिरवानी, राजेश शोरी, विवेक श्रीवास्तव,भरत नागवंशी एवं शिक्षा विभाग केशकाल के दीपेश सेठिया, बलराम नाग,जी. साहू, निर्मल ठाकुर संग सभी खेलो के संयोजक सदस्यों के साथ —दीनदयाल समरथ, रूपधर तामो, ईश्वर साहू, पुखराज पाठक, सरिता नेताम, सुप्रिया अवधिया, पुष्पलता राठौर. दीपिका उसारे रेशमा पाण्डे अनुराधा ठाकुर -अंजोर्तिन बघेल, सनवारू गावड़े - संतोष वर्मा आदि संग सभी सी ए सी गणों का सहयोग सराहनीय रहा...कार्यक्रम का सफल संचालन संयोजक लोकेश गायकवाड़, संग राजेश शोरी, रोशन हिरवानी, विवेक श्रीवास्तव, भरत नागवंशी ने किया।

---

## पेज 11 के शेष

### जगदलपुर स्टेशन को विश्वस्तरीय...

होगा। उन्होंने कहा कि रेलवे मंत्रालय का पूरा फोकस बस्तर में यात्री सुविधाओं और सुरक्षा को मजबूत करने पर है। अमृत भारत योजना के तहत स्टेशन को विश्वस्तरीय स्वरूप देने के लिए आधुनिक प्रतीक्षालय, डारमेट्री, एस्केलेटर, लिफ्ट, 12 मीटर चौड़ा फुट ओवर ब्रिज सहित अत्याधुनिक सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। साथ ही केशलूर और लामनी में रोड ओवर ब्रिज निर्माण को राज्य सरकार और रेलवे के समन्वय से शीघ्र पूरा करने का भरोसा दिया गया। निरीक्षण के दौरान मुख्य सुरक्षा अधिकारी, मुख्य इलेक्ट्रिकल अधिकारी, मुख्य सिग्नल एवं टेलीकॉम इंजीनियर, मुख्य सुरक्षा आयुक्त, मुख्य इंजीनियर, मुख्य ऑपरेशन मैनेजर, मुख्य मैकेनिकल इंजीनियर और मुख्य कमर्शियल मैनेजर सहित जोन और मंडल के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### बस्तर के सातों जिलों...

जिले में 3294, कांकेर जिले में 762, कोंडागांव जिले में 1784, नारायणपुर जिले में 3631 एवं सुकमा जिले में 4056 मलेरिया के धनात्मक मिले। स्वास्थ्य सेवाएं बस्तर संभाग के संयुक्त संचालक डॉ. महेश सांडिया ने बताया कि संभाग में मलेरिया धनात्मक दर घटकर मात्र 1.43 प्रतिशत रह गई है। बस्तर जैसे क्षेत्र में मलेरिया नियंत्रण में मिली सफलता स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों, मितानिनों और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की मेहनत का प्रमाण है।

### ताड़पाला हिल्स एरिया...

एरिया डॉमिनेशन एवं डिमाईनिंग कार्यवाही के दौरान माओवादियों द्वारा जमीन के नीचे बीयर बॉटल में प्रेशर स्विच सिस्टम से लगाए गए 13 आईईडी तथा लोहे के पाईप में निर्मित एक डायरेक्शन आईईडी मौके से बरामद किए गए। बरामद सभी आईईडी को सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए मौके पर ही सुरक्षित रूप से बीडीएस टीम द्वारा निष्क्रिय किया गया।

**डेटोनेटर समेत नक्सली सामग्री बरामद :** सयुंक्त टीम द्वारा नक्सलियों द्वारा डंप किया गया 13 डेटोनेटर के अलावा 11 किलो गन पावडर, प्लास्टिक ड्रम, स्टील ड्रम, लोहे का ड्रम तथा माओवादी वर्दी, जूते, कैप, डोरी, यूएसबी केबल, सोलर प्लेट एवं अन्य माओवादी साहित्य बरामद किया गया। अभियान के दौरान सुरक्षा बलों द्वारा टेकमेटला कुंजामपारा क्षेत्र में निर्मित माओवादी स्मारक को भी ध्वस्त किया गया। यह कार्रवाई क्षेत्र में शांति, सुरक्षा एवं लोकतांत्रिक विश्वास की पुनर्स्थापना की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं निर्णायक कदम माना जा रहा है।

### बिना ग्राम सभा और...

स्थानीय लोगों की राय के दी गई है। यह संविधान के पांचवी अनुसूची, पंचायती राज व्यवस्था, पेसा कानून, वन अधिकार कानून और लोकतंत्र का मजाक है। विधायक ने कहा कि बीजापुर जिला आदिवासी बहुल और अबूझमाड़ क्षेत्र से लगा हुआ जिला है। यहां के लोग जंगल, जमीन और पानी पर निर्भर हैं। लेकिन डबल इंजन की सरकार जानबूझकर बस्तर के आदिवासियों को विकास के नाम पर उनके जल, जंगल, जमीन और प्राकृतिक संसाधनों से बेदखल करने का षड्यंत्र कर रही है। उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि कुचनूर कोरंडम खदान के पर्यावरण स्वीकृति को तत्काल रद्द किया जाए। ग्राम सभा की बैठक बुलाकर उनकी सहमति ली जाए। पूरी प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से दोबारा शुरू की जाए, जिसमें जनसुनवाई अनिवार्य हो। बस्तर संभाग में आदिवासियों के अधिकारों का सम्मान किया जाए अन्यथा आने वाले दिनों में आदिवासियों के अधिकारों को लेकर आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।

**इनकी रही मौजूदगी :** इस दौरान बसंत राव ताटी, कामेश्वर गौतम, वल्वा मदनैया, रमेश पामभोई, अरुण वासम, मिच्चा सम्मैया, विजार खान, चलपत उद्दे, नरेन्द्र मट्टी एवं अन्य कांग्रेसी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### जनप्रतिनिधियों ने जाना वीबी जी राम जी में मजदूरों के अधिकार

**बीजापुर।** जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी कोरसा ने वीबी जी राम जी योजनांतर्गत मजदूरों को 125 दिवस के रोजगार के प्रावधान एवं 7 दिवस में मजदूरी भुगतान की अनिवार्यतः की सराहना की। मुख्य कार्यपालन अधिकारी नम्रता चौबे ने बैठक में उपस्थित जिला पंचायत सदस्यों एवं विभागीय अधिकारियों को विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) अधिनियम 2025 अंतर्गत किए गए प्रावधानों को विस्तार से बताते हुए कहा कि पूर्व में 100 दिवस की रोजगार को वृद्धि कर नए प्रावधान में 125 दिवस रोजगार देने का प्रावधान किया गया है, साथ ही 7 दिवस में श्रमिकों के भुगतान को अनिवार्य किया गया है। इसके अलावा वर्षा ऋतु में कृषकों के हितों में 2 माह कार्य बंद रखे जाने का प्रावधान भी किया गया है।

### जिले में कोलाहल नियंत्रण अधिनियम लागू

**दंतेवाड़ा।** जिला कार्यालय से जारी विज्ञप्ति अनुसार जिले में शालेय एव महाविद्यालय वार्षिक परीक्षा 20 फरवरी से प्रारंभ होने से विद्यार्थियों के अध्ययन कार्य को व्यवधान रहित बनाने हेतु छग कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 की धारा 5 (2) व 10(2) के साथ पठित भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 133 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग करते हुए जिला दण्डाधिकारी देवेश कुमार ध्रुव द्वारा संपूर्ण जिले में आदेश जारी होने के दिनांक से 15 मई तक की अवधि में अधिनियम की धारा 13 (1) में उल्लेखित अवसरों को छोड़कर धारा 2 क, ख, एवं ग के अंतर्गत परिभाषित कोलाहल एवं समस्त ध्वनि विस्तारक यंत्रो के उपयोग पर पूर्ण समय दिन, रात के लिए प्रतिबंध लगाया गया है।

## निधन

### शिव रतन खत्री

**जगदलपुर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड निवासी शिव रतन खत्री 44 वर्ष का हार्ट अटैक से आज आकस्मिक निधन हो गया।



अंतिम यात्रा 14 फरवरी को प्रातः 10 बजे गीदम रोड स्थित निवास से मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। महाशक्ति टायर शॉप के संचालक शिव रतन अपने पीछे पत्नी, एक पुत्री, दो पुत्र एवं छोटे भाई सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए। वे सफल व्यापारी सहित इंद्रावती, दलपत बचाओ अभियान के प्रमुख सदस्य के रूप में सक्रिय समाजसेवी भी थे। अपने मिलनसार स्वभाव और सामाजिक सक्रियता और सेवा भावना के कारण हर वर्ग में लोकप्रिय थे। उनके असामयिक निधन से शहर में शोक व्याप्त है।

# बस्तर में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर



आम नागरिकों को किफायती दर पर उच्च गुणवत्ता वाली जेनेरिक दवाइयां उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आज विकासखंड बस्तर में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र का विधिवत उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक ने फीता काटकर मेडिकल स्टोर का विधिवत शुभारंभ किया।

यह केंद्र जिला कलेक्टर आकाश छिकारा के कुशल निर्देशन एवं एसडीएम बस्तर गगन शर्मा के विशेष मार्गदर्शन में स्थापित किया गया है। स्टोर के प्रोपराइटर आदित्य सिंह राठौर ने अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि इस केंद्र के माध्यम से क्षेत्र के मरीजों को दवाइयों के भारी-भरकम खर्च से मुक्ति मिलेगी।

उद्घाटन समारोह में जिला मुख्यालय एवं ब्लॉक स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला सीएमएचओ कार्यालय से पीके धमधर, महेन्द्र पांडेय एवं सुदरु राम कश्यप, विकासखंड बस्तर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से डॉ. नारायण सिंह नाग, खंड चिकित्सा अधिकारी, राजेन्द्र कुमार बघेल ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर, जीली मंडावी बीईटीओ, अनीता कश्यप सुपरवाइजर, रश्मि बेलसरिया स्टोर प्रभारी, बलदेव बघेल अकाउंटेंट, रामेश्वरी ठाकुर नर्सिंग सिस्टर शामिल हुए। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अन्य पैरामेडिकल स्टाफ और कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

### 50 से 90 प्रतिशत तक की बचत

समारोह को संबोधित करते हुए डॉ. संजय बसाक सीएमएचओ ने बताया कि इस जन औषधि केंद्र के खुलने से स्थानीय निवासियों को बाजार मूल्य से 50 से 90 प्रतिशत तक कम कीमत पर दवाइयां उपलब्ध होंगी। शासन की इस योजना का सीधा लाभ गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों को मिलेगा, जिससे उन्हें बेहतर उपचार के लिए आर्थिक तंगी का सामना नहीं करना पड़ेगा।

### क्षेत्र की जनता को सस्ते दर पर दवाएं होंगी उपलब्ध




**दरभा।** शुक्रवार को दरभा जनपद पंचायत में जेनेरिक दवाओं का केंद्र जन औषधि केंद्र का उदघाटन हुआ। जहां जनपद अध्यक्ष मानक दई कश्यप, उपाध्यक्ष पीडी हरीश एवं जनपद सदस्यगण और मुख्य कार्यपालन अधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष पीडी हरीश ने कहा कि जन औषधि केंद्र खुलने से क्षेत्र की जनता को सस्ते दवाईया उपलब्ध होंगी। जो आम जनता के पहुंच मे होंगी। जिससे स्वास्थ्य लाभ में इजाफा होगा और गरीब तपके के लोगों को मेडिकल सुविधा लेने मे आसानी होंगी। केंद्र का संचालन संदीप नाग के हाथ में होगा। डॉक्टर नेताम ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## कलेक्टर ने जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में दिए निर्देश

# पोषण और स्वास्थ्य में बेहतर परिणाम के लिए संयुक्त रणनीति होगी कारगर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा




जिले में मातृ शिशु स्वास्थ्य सेवाओं तथा अन्य राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की बेहतर प्रगति हेतु स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास के मैदानी कर्मचारियों का आपसी सामंजस्य होना जरूरी है।

दोनों ही विभाग का दायित्व है कि वे दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्र में अपनी कार्यकर्ता एवं कर्मचारियों को योजनाओं को अमलीजामा पहनाने हेतु प्रोत्साहित करें। मैदानी स्तर पर


- **गंभीर रोगियों के त्वरित रेफरल के लिए मजबूत व्यवस्था विकसित करने पर जोर**

किए गए प्रयास से ही स्वास्थ्य और पोषण के क्षेत्र में जिले के रैंकिंग में सुधार आएगा। साथ ही विभागीय लक्ष्यों की पूर्ति संभव हो पाएगी। इसके लिए इन कर्मचारियों की संयुक्त बैठकें, प्रशिक्षण सत्र एवं निरीक्षण एवं निगरानी कार्यक्रम नियमित रूप से होने चाहिए। आज कलेक्ट्रेट के डंकनी सभाकक्ष में स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग की बैठक लेते हुए कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव द्वारा उक्ताशय के विचार निर्धारित किए गए। इसके साथ ही उक्त बैठक में कलेक्टर के द्वारा सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में अधिकारी कर्मचारी की नियमित उपस्थिति हेतु आधार बेस अटेंडेंस अनिवार्य रूप से कराए जाने हेतु कहा गया। उन्होंने मातृत्व स्वास्थ्य के अंतर्गत उच्च जोखिम वाली गर्भवती माताओं के निर्धारण के लिए मैदानी स्तर पर आवश्यक प्रशिक्षण दिए जाने, उक्त गर्भवती महिलाओं का अनिवार्य रूप से सोनोग्राफी के साथ-साथ बेहतर रूप से देखभाल करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को आयोजित होने वाले वीएचएसएनडी के बेहतर रूप से क्रियान्वयन हेतु समस्त खंड चिकित्सा अधिकारी एवं परियोजना अधिकारी महिला बाल विकास को संयुक्त रूप से निरीक्षण करें। इसके साथ ही उनके द्वारा पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती बच्चों की देखभाल राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में छूटे हुए बच्चों के लिए फिर से परीक्षण किए जाने हेतु भी कहा गया। मलेरिया उन्मूलन अभियान की समीक्षा करते हुए उन्होंने चार से अधिक एपीआई वार्षिक परजीवी सूचकांक वाले गांव में फिर से जांच कराए जाने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा बैठक में जानकारी दी गई कि पोषण पुनर्वास केन्द्र के संबंध में बताया गया बेड ऑक्यूपेंसी रेट दंतेवाड़ा में 137.85, गीदम में 80.04, कुआकोंडा में 80.47, तथा कटेकल्याण में 82.62 है। जिनका उपचार दर क्रमशः 88 प्रतिशत, 77 प्रतिशत, 90 प्रतिशत, 87 प्रतिशत रहा। इसी प्रकार एनीमिया मुक्त भारत के अंतर्गत अप्रैल से दिसंबर 2025 में 101250 लक्ष्य के विरूद्ध 99642 बालिकाओं को आयरन की नीली गोली प्रदान किए गए, जिसका प्रतिशत 98.41 रहा।

इसके साथ ही बैठक में टीकाकरण कार्यक्रम, आयुष्मान, एवं वय वंदन कार्ड पंजीयन, एएनसी माताओं की जांच एवं टीकाकरण सहित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। कलेक्टर ने अंत में सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सा स्टॉफ की उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा आवश्यक दवाईयों की उपलब्धता बनाये रखने तथा गंभीर रोगियों के त्वरित रेफरल हेतु मजबूत व्यवस्था विकसित करने पर जोर दिया। बैठक में जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा, मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय रामटेके सिविल सर्जन अभय तोमर, डीपीएम प्रतीक सोनी, मीडिया समन्वयक अंकित, जिला कार्यक्रम अधिकारी वरुण नागेश सहित दोनों विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# उपार्जन केंद्र बालुद में खराब धान

## मिलिंग प्रक्रिया के दौरान बोरों से निकल रहा धूल, पत्थर



हरिभुमि न्युज ▶▶| कटेकल्याण

दंतेवाड़ा जिले में धान उपार्जन केंद्र बालुद में है। जहां धान में धूल, पत्थर व डिस्कलर चावल मिलिंग के दौरान निकल रहा है। मिलर के कई बार शिकायत के बाद भी

- **जिला विपणन अधिकारी को दो मिलर ने दिया जांच के लिए पत्र**

जिला विपणन अधिकारी जांच के लिए कतरा रहे हैं या उन्हें धान के खराब होने की पुरी जानकारी है। दंतेवाड़ा में धान खरीदी के बारे में कई बार जिला प्रशासन ने साफ सुथरी धान खरीदी का प्रचार किया। लेकिन बालुद के धान खरीदी केंद्र में शुरू से ही कचरा युक्त खराब धान खरीदा गया, जिसका ठिकरा मिलरों पर फूट रहा है। जिन्होंने जिला विपणन अधिकारी को एक पत्र धान के खराब होने के संबंध में जांच के लिए लिखा है, विपणन अधिकारी का कहना है की कलेक्टर साहब जल्द कार्यवाही करेंगे। धान खरीदी के नियम है कि धान में नमी की मात्रा 17 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए। मिट्टी, कंकड़ या भुसा नहीं होनी चाहिए, सरकार ने एफएक्यू मानक तय किए हैं जिनके अनुरूप ही धान खरीदना होता है।

### आदेश मिलने पर जांच

हमने कलेक्टर को जांच के लिए पत्र दे दिया है। आगे की जांच कलेक्टर के आदेश पर ही होगा।

-खिलेश्वर सिंग शांडिल्य,
जिला विपणन अधिकारी दंतेवाड़ा

# जनपद पंचायत दरभा में सामान्य सभा की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा



शुक्रवार को दरभा जनपद पंचायत में सामान्य सभा की बैठक जनपद पंचायत अध्यक्ष मानकदई कश्यप के अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष पीडी हरीश एवं जनपद सदस्यों सहित सरपंच सचिव और विभागीय अधिकारी सम्मिलित हुए।

जनपद पंचायत दरभा की सभाकक्ष में आयोजित सामान्य सभा की बैठक में सभी विभागों के खण्ड स्तरीय अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग के विभागीय गतिविधि के संबंध में जानकारी प्रस्तुत की। जिसमे प्रमुख रूप से पेयजल समस्या, बिजली, सड़क शिक्षा, स्वास्थ्य आदि पर चर्चा हुई। जनप्रतिनिधियों ने अपने अपने क्षेत्रों मे चल रहें कार्यों के विषयो मे प्रश्न उठाया। जिसका समन्धित अधिकारीयों ने जवाब दिया। शिक्षा विभाग स्वास्थ्य विभाग और पी एच ई विभाग पर अधिकतर प्रश्न पूछे गए। और रुके हुए कार्यों को प्राथमिकता से पुर्ण करने के निर्देश दिए गए।

जिसका अधिकारियों ने यथाशीघ्र कार्य पूर्ण करने का संकल्प दिखाया। अन्य विभागों ने जैसे मछली पालन, पशु पालन विभागों द्वारा अपने अपने योजनाओं की जानकारी दी। मछली पालन विभाग का मोटर साईकिल योजना पर उपस्थित सदस्यों ने कॉपी रूचि दिखाया। जिसमे समन्धित अधिकारी ने जानकारी दी की मछली व्यवसाई जो एक स्थान से दूसरे स्थान मछली बेचने जाते हैं उनके व्यवसाय कों बढ़ावा देने के लिए 90 प्रतिशत तक अनुदान से मोटर साईकिल देने का प्रावधान हैं।बैठक में चूंकि ग्राम पंचायतों के सरपंच सचिव भी उपस्थित थे इसलिए जैसे ही विभागीय अधिकारी किसी गांव में अपनी गतिविधियों की जानकारी दे रहे थे। समन्धित सरपंच सचिव वास्तव में कार्य होने या न होने की पुष्टि कर रहे थे, जिससे विभागीय जानकारी की सत्यता पर भी विचार हो रहा था। जिससे वास्तविक स्थिति का भी अवलोकन हो रहा था।

जनप्रतिनिधियों ने अपने अपने क्षेत्र के कार्यों का भी मांग बैठक मे रखा जिसमे जर्जर भवनो का मरम्मत नए भवनो की आवश्यकता बिजली सड़क आदि शामिल थे।

अलग अलग स्कूलों मे शिक्षकों की कमी भी बताइ गई स्वास्थ्य सेवाओं कों बेहतर करने कों कहा गया। अंत तह जनपद अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के सम्बोधन के साथ बैठक सम्पन्न हुई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी बीरेंद्र बहादुर ने विधिवत बैठक की कार्यवाही का संचालन किया। बैठक में समस्त जनपद सदस्य, सरपंच सचिव एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भजन प्रतियोगिता में पेंटा की टीम अव्वल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

एकल अभियान हरिकथा जिला स्तरीय ग्रामीण भजन प्रतियोगिता का आयोजन गीदम ब्लॉक के घोटपाल में किया गया। इसमें कई ग्रामीण टीमों ने भाग लिया। स्वरधारा मानस मंडली पेंटा ने पहला स्थान, स्वरवेंद भजन मंडली घोटपाल दूसरा स्थान व प्रज्ञा मानस मंडली कुंडेनार ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

आयोजन में श्रीराम नृत्य मंडली तोंगपाल व श्रीराम नृत्य मंडली बेंगलूर ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति से लोगों का मन मोह लिया। स्पर्धा के निर्णायक लोक कलाकार सूरज भान सिंह ठाकुर, शिक्षक तिरपरेश चापड़ी व लछिन्धर यादव विहंगम योग संत समाज थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सुदराम भास्कर व विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य दिनेश कौशल, पवन कुमार, दशमू राम जुर्री अंचल व्यास जिला दंतेवाड़ा, ललित दानी प्रदेश जागरण शिक्षा प्रभारी, दिनेश गुप्ता अध्यक्ष अंचल अभियान समिति , विनीता देशमुख सचिव अंचल अभियान समिति, नारायण लाल साहू अध्यक्ष संस्कार शिक्षा अभियान, लुपेन्द्र वैष्णव प्रभारी संस्कार शिक्षा, डॉ. राजकुमार देशमुख, गोल्डी कौशल सद्स्य गण उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि सुदराम भास्कर ने अपने उद्बोधन में इस आयोजन की सराहना करते कहा कि इससे ग्रामीण मंडलियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शन का उपयुक्त मंच व अवसर मिला है। कार्यक्रम में अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर भारी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे। आयोजकों ने बताया कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 24 फरवरी को रायपुर में होगा, जिसमें सभी प्रतिभागी भाग लेंगे।

# त्वरित और सरल न्याय का माध्यम नेशनल लोक अदालत




हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के निर्देशानुसार 14 मार्च को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत की तैयारियों को लेकर आज जिला न्यायालय परिसर, दंतेवाड़ा स्थित न्याय सदन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष, प्रधान जिला न्यायाधीश संतोष कुमार आदित्य द्वारा किया गया। बैठक में परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश, दंतेवाड़ा न्यायालय के समस्त पीठासीन न्यायाधीश, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दंतेवाड़ा, अधिवक्तागण, बीमा कंपनियों के प्रतिनिधि, पैनल अधिवक्तागण तथा विद्युत विभाग, नगर पालिका दंतेवाड़ा, गीदम एवं बारसूर, दूरसंचार विभाग, भारतीय स्टेट बैंक, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक, एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक, कैनरा बैंक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ बड़ौदा, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया तथा जिला अंत्यावसायी विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य विभिन्न विभागों एवं बैंकों के माध्यम से अधिक से अधिक प्रकरणों को नेशनल लोक अदालत में रखकर पक्षकारों को त्वरित एवं सरल न्याय का लाभ दिलाना था। इस अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश ने उपस्थित न्यायाधीशों, अधिवक्ताओं एवं विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि अधिक से अधिक लंबित एवं उपयुक्त प्रकरणों को नेशनल लोक अदालत में सूचीबद्ध करें ताकि उनका निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि लोक अदालत नागरिकों को समय, धन एवं श्रम की बचत करते हुए न्याय प्रदान करने का एक प्रभावी मंच है। उन्होंने संबंधित विभागों एवं बैंकों से समन्वय बनाकर कार्य करने तथा नेशनल लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए।

# बटालियन ने साड़ी, गमछा व बच्चों को दिए खेल सामग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



सी 195 वीं वाहिनी केरीणपुरमल ने अतिसंवेदनशील क्षेत्र एटेपाल में नागरिक सहायता कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया। इस अवसर पर कमांडेंट 195 बटालियन अनिल कुमार सिंह एवं द्वितीय कमान अधिकारी शुभम मौजूद रहे। इनके दिशा निर्देश पर सोमबीर सहायक कमांडेंट समवाय अधिकारी की उपस्थिति में जीडी पंकज सिंह संगठन एवं जीडी हरि प्रसाद तथा एसएचओ मिर्जापुर साकेत कुमार बजाज व अन्य कार्मिकों की उपस्थिति में सफलता पूर्वक संपन्न किया गया।

कार्यक्रम में ग्राम एटेपाल के ग्रामीणों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इस कार्यक्रम में एटेपाल के गायातापारा, मडकमपारा, पटेलपारा, नयापारा, स्कुलपारा तथा बीजनपारा ग्राम इंद्रावन, पटेलपारा, कुंजामपारा, एटेपाल, पुटेवाड, आदि के लगभग 450 ग्रामीणों ने भाग लिया।

इस दौरान सोमबीर सहायक कमांडेंट ने ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं, बच्चों की शिक्षा, रोजगार व स्वच्छता के बारे में जागरूक किया तथा सरकार के द्वारा बनाए गए नियमों का पालन करने हेतु आग्रह किया। कार्यक्रम में ग्रामीण इलाकों के लोगों की आवश्यकताओं को मद्देनजर रखते हुए साड़ी, गमछा, स्कूल के बच्चों की खेल सामग्री, पानी की टंकी 200 लीटर, पानी की टंकी 35–40 लीटर, क्रिकेट किट, बैडमिंटन, सोलर लाइट, छाता, हैंड सैनिटाइजर, वेटिंग रॉड, जाल, वेटिंग नेट, सोलर लैंटर्न, सोलर स्ट्रीट लाइट, चप्पल, एलईडी बल्ब, ट्यूब लाइट आदि सामानों का वितरण किया गया। साथ में नसबंदी का कार्य करने वालों को सरकार के महत्वाकांक्षी योजना के बारे में बताते हुए प्रेरित करने हेतु सम्मानित किया गया। इसके साथ मेडिकल कैंप का भी आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत मलेरिया की जांच किया गया, सर्दी, खांसी, बुखार एवं अन्य जरूरी दवाइयों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में भाग लेने वाले लगभग 450 स्थानीय लोगों को बुलाकर भोजन खिलाया गया। इस कार्यक्रम की सफलता हेतु समस्त लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम के अंत में सोमबीर सहायक कमांडेंट व अनिल कुमार सिंह, कमांडेंट 195 बटालियन केरीणपुरमल की तरफ से सभी को आभार व्यक्त किया गया।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**न्यायालय तहसीलदार फ्रेजरपुर जिला बस्तर छ.ग.**

**//उद्घोषणा//**

रा.प्र.क्र./202601152500085/अ-6/2025-26
साकिन-करकापाल

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका संजना साहू पिता स्व. देवशरणलाल साहू आयु 31 वर्ष जाति तेली निवासी- राजेन्द्र नगर वार्ड क्रमांक 21, गीदम रोड तहसील जगदलपुर जिला बस्तर छ.ग. के द्वारा ग्राम करकापाल प.ह.नं.-13 रा.नि..मं.- फ्रेजरपुर तहसील जगदलपुर जिला बस्तर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नंबर 448/2 रकबा 1.400 हे. राजस्व अभिलेखों में देवशरणलाल साहू पिता स्व. पदुमलाल साहू के नाम पर दर्ज है। आवेदित भूमि, खातेदार की स्वअर्जित सम्पत्ति है। आवेदित भूमि के खातेदार का निधन दिनांक 23/08/2025 को हो चुका है। मृतक खातेदार के द्वारा अपने जीवनकाल में दिनांक 02/11/2015 को पंजीकृत वसीयतनामा आवेदिका संजना साहू पिता देवशरणलाल साहू के नाम पर निष्पादित किया था। आवेदिका के द्वारा उक्त वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण हेतु आवेदन पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या कोई संस्था को किसी प्रकार का दावा/आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय के आगामी पेशी तिथि 26-02-2026 तक दावा/आपत्ति पेश कर सकते है, म्याद पश्चात प्राप्त दावा/आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 11/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा सहित जारी किया गया ।

(मुहर)
तहसीलदार
फ्रेजरपुर-जिला बस्तर

**//शपथ पत्र//**

मैं श्रीमती पी. वर्षा पति श्री बुररा शुभम नायडू आयु 25 वर्ष निवासी वीर सावरकर वार्ड क्र. 5 बांसमुण्डा रोड, जगदलपुर जिला बस्तर छ.ग. निम्नलिखित कथन शपथ पूर्वक प्रस्तुत करती हूं :-

1. यह कि मेरा नाम एवं पता उपरोक्तानुसार है।
2. यह कि मेरे नाम से जारी पैन कार्ड में मेरा नाम पोपाला वर्षा राव दर्ज है। मेरे नाम से जारी आधार कार्ड एवं अंकसूची में मेरा नाम पी. वर्षा राव (P. Varsha Rao) दर्ज है जो कि सत्य व सही है, अपने नाम में एकरूपता लाने हेतु अब मैं अपना नाम पी. वर्षा राव (P. Varsha Rao) रखना चाहती हूं और इसी नाम से जानी एवं पहचानी जाना चाहती हूं जिसके चलते समस्त शैक्षणिक दस्तावेज/शासकीय/अर्द्धशासकीय/बैंकिंग दस्तावेज तथा अन्य समस्त दस्तावेज में जहां भी मेरा नाम पोपाला वर्षा राव (Popala Varsha Rao) है के स्थान पर संशोधन कर P. Varsha Rao दर्ज कराना चाहती हूं एवं उक्त नाम परिवर्तन की सूचना राजपत्र में प्रकाशित करवाना चाहती हूं ।
3. यह कि उक्त कथन के समर्थन में यह शपथ पत्र सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत है।

शपथकर्ता

**खबर संक्षेप**

## डीपीआई से मिला टीचर्स एसोसिएशन का प्रतिनिधि मंडल



**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने डीपीआई ऋतुराज रघुवंशी से मुलाकात कर शिक्षक (एलबी) संवर्ग की लंबित मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान अशोक नारायण बंजारा सहायक संचालक एवं एचसी दिलावर उपस्थित रहे। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि लगभग 30 हजार सहायक शिक्षक पदोन्नति एवं क्रमोन्नति से वंचित हैं। पूर्व में पदोन्नति के लिए 5 वर्ष के अनुभव को एक बार (वन टाइम रिलैक्सेशन) शिथिल कर 3 वर्ष किया गया था, उसी तर्ज पर क्रमोन्नति, समयमान के लिए निर्धारित 10 वर्ष की सेवा को भी एक बार शिथिल कर 5 वर्ष करने की मांग की गई। डीपीआई ने आश्वस्त किया कि प्राचार्य प्रतीक्षा सूची पदोन्नति की प्रक्रिया शीघ्र पूरी होगी। व्याख्याता टी संवर्ग की पदोन्नति हेतु काउंसिलिंग भी जल्द कराने की बात कही। व्याख्याता ई संवर्ग एवं प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला की पदोन्नति में न्यायालयीन बाधा दूर करने पर भी विस्तार से चर्चा हुई। ज्ञापन में उच्च न्यायालय के निर्णयों का उल्लेख करते हुए पेंशन के लिए पूर्व सेवा को मान्यता देने नीति बनाने तथा 33 वर्ष के स्थान पर 20 वर्ष अर्हकारी सेवा पर 50 प्रतिशत पेंशन निर्धारण का प्रावधान लागू करने की मांग रखी गई। इस संबंध में जानकारी छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवीण श्रीवास्तव ने दी।

# बोरपदर में गूंजा हर-हर महादेव, जलेश्वर महादेव की प्राण प्रतिष्ठा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

### शिवरात्रि से पहले गांव में आस्था का संगम



बोरपदर पड़िहार पारा में ग्रामीणों के सहयोग और समर्पण से भगवान शिव के स्वरूप जलेश्वर महादेव की प्राण प्रतिष्ठा कर स्थापना की गई। ग्रामीणों ने अपने सामूहिक प्रयास से चबूतरे का निर्माण कर जलेश्वर महादेव को स्थापित किया, जो गांव के धार्मिक और सांस्कृतिक जीवन में एक नया अध्याय जोड़ने वाला साबित हुआ। प्राण प्रतिष्ठा के दौरान श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर भगवान शिव से गांव की सुख-समृद्धि,शांति और कल्याण की कामना की। इस अवसर पर श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और पूरे क्षेत्र में 'हर-हर महादेव' के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

ग्रामीणों ने बताया कि जलेश्वर महादेव की स्थापना से गांव में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा और आने वाले समय में यह स्थल श्रद्धा और आस्था का प्रमुख केंद्र बनेगा। आयोजन के पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ग्रामीणों ने प्रसाद ग्रहण कर धार्मिक अनुष्ठान की पूर्णाहुति की।

इस अवसर पर गणेश ठाकुर, मोसुराम ठाकुर, गंगाधर, प्रवीण, अनिल, सुनील, पुनीत, मुकेश, आदर्श, लवेंद्र, चिंटू, बल्ब सिंह, रघुनाथ, रमेश, वेंकट सिंह, प्रहलाद, गजेंद्र, अंकुर, चुम्मन, युवराज, तुलाराम, टिंकू, गोलू, संतोष, कमला, दुलेन्द्री, सुलोचना, हिरामनी, कुंती, लता, बबीता, सवीता, चंद्रबती, नंदा, ललिता, गीता, प्रभा, गेलमनी, बोमबती, सोनी, चमेली, अनिता, जानकी सहित बड़ी संख्या

## शैक्षणिक, खेल और सांस्कृतिक उपलब्धियों ने महाविद्यालय का बढ़ाया गौरव

# काकतीय पीजी कॉलेज का वार्षिक उत्सव सांस्कृतिक रंग में झूमे विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वार्षिक स्नेह सम्मेलन हर्षोल्लास, उत्साह और गरिमामय वातावरण में संपन्न

- **ऑटोनॉमस कॉलेज और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनने से खुले शोध व नवाचार के नए द्वार**

हुआ। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी रचनात्मक क्षमता का शानदार प्रदर्शन किया, जिससे पूरा परिसर उत्साह और ऊर्जा से भर गया।

वार्षिक प्रतिवेदन में महाविद्यालय की उल्लेखनीय उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई। महाविद्यालय को बस्तर संभाग का एकमात्र ऑटोनॉमस कॉलेज बनने का गौरव प्राप्त हुआ है तथा राज्य सरकार द्वारा इसे "सेंटर ऑफ एक्सीलेंस" घोषित कर 3 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। इससे विद्यार्थियों को उच्च स्तरीय शोध, आधुनिक प्रयोगशालाओं और नवीन पाठ्यक्रमों का लाभ मिलेगा। साथ ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पाठ्यक्रम, प्लेसमेंट सेल, सिकल सेल सेंटर और नए भवन निर्माण जैसे कई महत्वपूर्ण विकास कार्य प्रगति पर हैं।

शैक्षणिक क्षेत्र में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संभागीय टॉप टेन मेरिट सूची में बड़ी संख्या में स्थान प्राप्त किया। स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर विभिन्न विषयों के विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय सफलता हासिल कर संस्थान का नाम रोशन किया। प्रतियोगी परीक्षाओं में भी विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। खेलकूद गतिविधियों में कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल,क्रिकेट और एथलेटिक्स सहित विभिन्न खेलों में विद्यार्थियों ने प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया।

इस अवसर पर पूर्व सांसद एवं जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष दिनेश कश्यप, सांसद प्रतिनिधि एवं जनभागीदारी समिति के सदस्य आनंद मोहन मिश्रा तथा प्राचार्य डॉ अनिल कुमार श्रीवास्तव सहित जनभागीदारी समिति के सदस्य, प्राध्यापकगण,अधिकारी,कर्मचारी और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। महाविद्यालय को ऑटोनॉमस कॉलेज और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का दर्जा मिलने से उच्च शिक्षा के क्षेत्र में नए अवसरों का मार्ग प्रशस्त हुआ है। इससे विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक आधारित शिक्षा, उन्नत शोध सुविधाएं और रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों का लाभ मिलेगा।

## 24 हजार से अधिक जलकर दाता, फिर भी अवैध कनेक्शन की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



- **वार्डवार डोर-टू-डोर जांच अभियान 17 से**

नगर निगम ने अवैध नल कनेक्शन धारकों और जलकर बकायादारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का निर्णय लिया है। 17 फरवरी से वार्डों में डोर-टू-डोर जांच अभियान चलाया जाएगा, जिसमें प्रत्येक कनेक्शन का सत्यापन किया जाएगा।

निगम प्रशासन के अनुसार शहर में 24 हजार से अधिक जलकर दाता पंजीकृत हैं,लेकिन इसके बावजूद बड़ी संख्या में अवैध कनेक्शन संचालित होने की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। इससे न केवल निगम को राजस्व का नुकसान हो रहा है, बल्कि नियमित जलकर भुगतान करने वाले उपभोक्ताओं के साथ भी असमानता की स्थिति उत्पन्न हो रही है। इस अभियान के माध्यम से ऐसे कनेक्शनों की पहचान कर उन्हें नियमित करने अथवा आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

जांच के दौरान जिन उपभोक्ताओं पर जलकर बकाया पाया जाएगा, उनसे तत्काल भुगतान करने को कहा जाएगा। यदि निर्धारित समय में भुगतान नहीं किया गया,तो संबंधित कनेक्शन को विच्छेदित करने की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही अवैध रूप से जल कनेक्शन लेने वाले व्यक्तियों पर नियमानुसार आर्थिक दंड भी लगाया जाएगा। महापौर संजय पांडे एवं जल कार्य विभाग के सभापति सुरेश गुप्ता ने बताया कि यह अभियान शहर की जल व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है और सभी उपभोक्ताओं से नियमों का पालन सुनिश्चित करने की अपील की गई है।

निगम प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे जलकर का नियमित भुगतान करें और किसी भी प्रकार के अवैध कनेक्शन से बचें। जांच अभियान के दौरान सभी कनेक्शनों का भौतिक सत्यापन किया जाएगा, जिससे जल आपूर्ति प्रणाली में पारदर्शिता और समानता सुनिश्चित हो सके। यह पहल न केवल राजस्व वृद्धि में सहायक होगी, बल्कि जल वितरण व्यवस्था को भी संतुलित बनाएगी।

# नए लेबर कोर्ट बिल के खिलाफ धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



नए लेबर कोर्ट बिल के विरोध में मजदूर संगठनों और किसान संगठनों ने गुरुवार को नगरनार प्लांट के मुख्य द्वार के बाहर विरोध प्रदर्शन कर सरकार के खिलाफ

- **की नारेबाजी, मजदूर-किसान संगठनों ने बिल को बताया श्रमिक विरोधी**

अपनी नाराजगी खुलकर जाहिर की। धरना स्थल पर प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए बिल को तत्काल वापस लेने की मांग की। मजदूर नेताओं ने कहा कि प्रस्तावित लेबर कोर्ट बिल श्रमिकों के अधिकारों को कमजोर करने वाला है और इससे मजदूर वर्ग की सुरक्षा व न्याय व्यवस्था प्रभावित होगी। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार उद्योगपतियों के हितों को प्राथमिकता देते हुए श्रम कानूनों में बदलाव कर रही है, जिससे श्रमिकों का भविष्य असुरक्षित हो सकता है।

दिनभर चले इस धरने के दौरान प्लांट के मुख्य द्वार पर प्रदर्शनकारियों ने विरोध स्वरूप बैनर और तख्तियां लेकर अपनी मांगों को बुलंद किया। मजदूर संगठनों ने स्पष्ट कहा कि यह आंदोलन केवल एक बिल का विरोध नहीं, बल्कि श्रमिक वर्ग के सम्मान और अधिकारों की रक्षा की लड़ाई है। प्रदर्शन के माध्यम से संगठनों ने सरकार को चेतावनी दी कि यदि बिल को वापस नहीं लिया गया तो आने वाले समय में आंदोलन को और व्यापक और उग्र रूप दिया जाएगा।

धरने में एआईटीयूसी के अध्यक्ष संतराम सेठिया, सचिव रमेश कश्यप, बलीराम नाग, महेश नाग, राकेश सेठिया, इमानुअल नाथ तथा आईएनटीयूसी के अध्यक्ष जयकिशोर चालकी, सचिव जितेंद्र नाथ, तुलाराम नाग, बिस्वास जोयल, गुरुबंधु बघेल, सुपन्त दास सहित अन्य मजदूर एवं किसान संगठन के पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे।

## 50 विज्ञान आधारित प्रश्नों से परखी गई विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत शुक्रवार को विज्ञान प्रश्नों पर आधारित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस

- **विज्ञान क्विज प्रतियोगिता में 169 विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा**

प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी वैज्ञानिक समझ और सामान्य ज्ञान का परिचय दिया। क्विज प्रतियोगिता में विज्ञान विषय से संबंधित 50 वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे गए, जिनमें भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान तथा सामान्य विज्ञान से जुड़े महत्वपूर्ण प्रश्न शामिल थे। प्रतियोगिता में कुल 169 छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की और विज्ञान विषय के प्रति अपनी गहरी रुचि और जागरूकता का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों की तार्किक क्षमता, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और ज्ञान का विस्तार करना रहा। यह आयोजन विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाने और वैज्ञानिक सोच को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किया गया। इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धात्मक भावना का विकास होता है और वे विज्ञान के क्षेत्र में नए आयामों को समझने के लिए प्रेरित होते हैं। यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (सीजीकॉस्ट) के निर्देशानुसार आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य राज्य में विज्ञान शिक्षा को बढ़ावा देना और युवाओं को वैज्ञानिक गतिविधियों से जोड़ना है। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों का उद्देश्य विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति जिज्ञासा, तार्किक सोच और नवाचार की भावना विकसित करना है। क्विज प्रतियोगिता जैसे आयोजन विद्यार्थियों को विज्ञान के नए तथ्यों और अवधारणाओं से अवगत कराते हैं तथा उन्हें शोध और नवाचार के लिए प्रेरित करते हैं।

## परिचालकों के लिए प्रशिक्षण व स्वास्थ्य जांच शिविर 27 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय जगदलपुर द्वारा निजी वाहनों और स्कूली बसों के परिचालकों के

- **स्वास्थ्य परीक्षण के बाद जारी होगा आवश्यक प्रमाण पत्र**

लिए एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है, जिसके तहत आगामी 27 फरवरी को आड़ावाल स्थित आरटीओ कार्यालय में एक विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। परिवहन आयुक्त छत्तीसगढ़ के निर्देशों के परिपालन में आयोजित होने वाले इस शिविर का मुख्य उद्देश्य परिचालक लाइसेंस जारी करने से पूर्व आवेदकों का अनिवार्य स्वास्थ्य परीक्षण करना और उन्हें आपातकालीन स्थितियों के लिए तैयार करना है। सुबह 10 बजे से शुरू होने वाले इस शिविर में रेडक्रॉस सोसायटी और स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से परिचालकों को प्राथमिक चिकित्सा और बस यात्रियों की सुरक्षा व देख-रेख के संबंध में विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस संबंध में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने बताया कि कलेक्टर एवं अध्यक्ष रेडक्रॉस सोसायटी के पहल पर मौके पर ही स्वास्थ्य परीक्षण के बाद आवश्यक प्रमाण पत्र जारी किए जा सकेंगे। इसी प्रमाण पत्र के आधार पर आगे परिचालक लाइसेंस जारी करने की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी।

## किसानों की समृद्धि में लेंम्पस की भूमिका को मजबूत बनाने पर दिया जोर

**जगदलपुर।** सहकारिता के माध्यम से किसानों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से नगरनार शाखा अंतर्गत आने वाले लेंम्पस के पदाधिकारी, अधिकारी और कर्मचारियों का सहकारी प्रशिक्षण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह प्रशिक्षण आदिवासी सदस्य सहकारी शिक्षा योजना के तहत आयोजित किया गया,जिसमें सहकारिता के मूल सिद्धांतों और व्यावहारिक पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी संघ मर्यादित, जगदलपुर द्वारा इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव लिमिटेड (इफको) के सहयोग से लेंम्पस बाबू सेमरा में आयोजित किया गया। इसमें नगरनार,माड़पाल,बम्हनी और बाबू सेमरा लेंम्पस के पदाधिकारी एवं कर्मचारियों ने सहभागिता की। प्रशिक्षण में सहकारिता का अर्थ,महत्व,सिद्धांत,सहकारी मूल्यों, उपनियम, अधिनियम,लेखा संधारण तथा किसानों के बीच लेंम्पस की भूमिका जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर इफको के क्षेत्रीय अधिकारी शिव शंकर मिश्रा और सहायक वैभव पांडे ने उर्वरक उत्पादों एवं मृदा संरक्षण कार्यक्रमों की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। वहीं लेंम्पस माड़पाल के प्राधिकृत अधिकारी जयराम नाग ने प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी बताते हुए भविष्य में आश्रित ग्रामों में भी इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करने का सुझाव दिया। प्रशिक्षण के सफल आयोजन में लेंम्पस बाबू सेमरा के प्रबंधक संपत सिंह तथा राज्य सहकारी संघ के रोमांचल पाणिग्राही सहित कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा।




## प्राचार्य प्रतिदिन देंगे प्रगति और समस्या की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बकावंड मुख्यालय में विकासखंड के 33 हाई स्कूल, हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य की बैठक कलेक्टर के निर्देश एवं एसडीएम मनीष वर्मा के मार्गदर्शन में हुई। बैठक में सभी प्राचार्य को अपार आईडी जनरेशन, छात्रवृत्ति कार्य, एमबीयू, वीएसके के क्रियान्वयन, परीक्षा पे चर्चा,

- **बीईओ ने प्राचार्यों की बैठक में विद्यार्थी हित में सभी कार्य प्राथमिकता से करने को कहा**

समस्त कक्षाओं के कोर्स पूर्ण करने पर चर्चा कर निर्देशित किया गया। अपार जनरेशन के कार्य में हो रहे विलंब के लिए बारंबार सूचित करने के बावजूद कार्य में गति न आना उचित नहीं है। समस्त प्राचार्य को निर्देशित किया गया कि सभी अपने संस्थानों व संकुल प्राचार्य अपने अधीनस्थ संस्थाओं के कार्यों का क्रियान्वयन संकुल शैक्षिक समन्वय के साथ समन्वय स्थापित कर गति लावें। कलेक्टर के द्वारा प्रतिदिन यू डाइस के ऐप में प्रगति का अवलोकन किया जा रहा है।

बैठक में सभी प्राचार्य को निर्देशित किया गया कि प्रतिदिन सांय 4 बजे रोजाना प्रगति और समस्या से विकासखंड शिक्षा अधिकारी चंद्रशेखर यादव तथा खंड स्त्रोत समन्वयक सोनसिंह बघेल के कार्यालय को अवगत करायें।

बीईओ ने कहा कि हमारा प्रतिदिन का प्रयास ही हमें सफलता की मंजिल की ओर पहुंचाएगी। हमारा दायित्व है कि हमें प्रतिदिन उच्च अधिकारियों के निर्देशों का पालन करना हैं। वीएसके एप में रजिस्ट्रेशन, प्रतिदिन प्रविष्टि करें।

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
हरिभूमि समाचार पत्र को सर्वे कार्य हेतु कांकेर एवं जगदलपुर जिलों में 10 युवकों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 12,000
दिनांक - 14 फरवरी से 17 फरवरी 2026
समय - सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक
Resume Whatsapp करें
90983 24969
91318 93124
ऑनलाईन आवेदन भी कर सकते हैं।
cir.haribhoomi@gmail.com
हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर